




नवभारत 03
सतना, सोमवार 06 अक्टूबर, 2025

# राजनीतिक संरक्षण प्राप्त खनिज माफिया कर रहे अवैध उत्खनन

## मऊगंज कलेक्टर ने किया था दस करोड़ का जुर्माना, रीवा में नही होती ऐसी कार्यवाही, शासन को लग रहा चूना

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 5 अक्टूबर, जिले भर में चल रहे अवैध उत्खनन एवं परिवहन के चलते शासन को हर वर्ष करोड़ो रूपये की चपत लग रही है. इस अवैध कारोबार को अंजाम देने वाले खनन माफियाओं के आगे प्रशासन मौन है. अवैध कारोबार पर नकेल कसने के लिये कोई कार्यवाही खनिज महकमे द्वारा नही की जा रही है. रीवा और मऊगंज जिले में अवैध उत्खनन राजस्व एवं वन भूमि में चल रहा है.**



कुछ माह पूर्व मऊगंज कलेक्टर ने दस करोड़ से अधिक का जुर्माना अवैध उत्खनन पर लगाया था. लेकिन इस तरह का जुर्माना रीवा में नही लगा. मऊगंज जिले के हनुमना क्षेत्र के हाटा लौढी सहित नईगढ़ी, मऊगंज, रीवा के सिरमौर, बेला, नौवस्ता एवं बनकुंइया क्षेत्र में सैकड़ो छोटी-बड़ी खदाने है. जहां से पत्थर निकाल कर बेचा जा रहा है. खनिज विभाग के संरक्षण में अवैध कारोबार चल रहा है. राजस्व, वन भूमि को खनिज माफिया खोखला कर रहे है. खनिज विभाग राजस्व लक्ष्य को पूरा नही कर पाता. अगर अवैध उत्खनन और परिवहन पर कार्यवाही की जाय तो अच्छा खासा राजस्व मिल सकता है. गत वर्ष भी लक्ष्य प्राप्त करने में खनिज विभाग पीछे रहा है. राजस्व कम आने पर सतना के खनिज अधिकारी पर निलंबन की कार्यवाही हुई. लेकिन रीवा में राजस्व कम आने पर कोई कार्यवाही नही की गई.

**मुरूम की कई अवैध खदानें**-रीवा के सेमरिया क्षेत्र में अवैध तरीके से मुरूम का उत्खनन किया गया. जिसकी शिकायत भी स्थानीय लोगो द्वारा की गई. कलेक्टर के यहा की गई शिकायत के बाद खनिज विभाग ने मौके में पहुंचकर जांच की और जांच के नाम पर लीपापोती की गई जो भी शिकायते खनिज विभाग की पहुंचती है उसे ले देकर दबा दिया जाता है. सड़क बनाने वाले ठेकेदार निर्माण के दौरान आसपास की मुरूम खदानो से मुरूम का अवैध उत्खनन करते है लेकिन कोई रायल्टी नही जमा की जाती है. जिले में कई जगह मुरूम की अवैध खदाने चल रही है. जिसकी जानकारी भी खनिज अधिकारी को है.

### स्वीकृत लीज के बाहर होता है अवैध उत्खनन

रीवा के बेला, बनकुइया, नौवस्ता क्षेत्र में खुलेआम अवैध उत्खनन चल रहा है. जिन लोगों ने लीज ले रखी है वहां तो उत्खनन होता है लेकिन लीज की जमीन पर उत्खनन केवल दिखावे के लिये रहता है. अवैध रूप से उत्खनन दूसरी जमीनो पर किया जाता है. इसके अलावा स्थानीय लोगो द्वारा व्यापक पैमाने पर खदाने लगाई गई है. जिसकी न तो कोई लीज है और न ही खनिज विभाग का कोई शुल्क दिया जाता है. अवैध तरीके से पत्थर का उत्खनन कर बेचा जाता है. यहां से निकलने वाला पत्थर क्षेत्र में लगी स्टोन क्रेसरो में पहुंचाया जाता है. सुबह से लेकर रात तक पत्थर की तोड़ाई और टैक्ट्ररो से परिवहन का नजारा देखा जा सकता है. प्रतिदिन सैकड़ो ट्रेक्टर पत्थर का अवैध परिवहन होता है. जो आसपास क्रेसर लगे है यहां अवैध रूप से परिवहन होकर आने वाले पत्थरो से ही गिट्टी बनाई जा रही है यह अवैध कारोबार वर्षो से क्षेत्र में फलफूल रहा है. शासन को भले ही करोड़ो रूपये की क्षति इस अवैध उत्खनन से हो रही हो लेकिन जिला प्रशासन खनिज माफियाओं के आगे मौन है.



# गीतांजली पब्लिक स्कूल के सुंदरकांड में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 5 अक्टूबर, गीतांजली पब्लिक स्कूल परिसर में दिव्य संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन किया गया. तुलसी सम्मान एवं रामकिंकर भारत भूषण सम्मान से सम्मानित अध्यात्मिक विद्वान अरूण कुमार सिंह पूर्व जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा संगीतमय सुंदरकांड प्रवचन किया गया.**

उन्होने श्री हनुमान जी के चरित्र का वर्णन करते हुए निष्ठा भक्ति व समर्पण के साथ अपना कार्य करने की प्रेरणा लेने की बात बताई तथा श्री राम जी के दिव्य गुणों का सुंदर प्रवचन करते हुए मनमोहक भजनों द्वारा संगीत की रसधारा में सबको रसबोर कर दिया. इसके पूर्व श्रीमती अरूणा प्रधान एवं शिव प्रसाद प्रधान द्वारा आरती की गई और श्रीमती अरूणा प्रधान द्वारा भगवान श्रीराम जी का सुन्दर भजन प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में पहुंचे प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला का शिव प्रसाद धान ने स्वागत किया. इस दौरान उपमुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि आज इस प्रकार के महोत्सव का आयोजन कर शिव प्रसाद प्रधान ने समाज के प्रत्येक व्यक्ति को एक कड़ी में जोड़ने का काम किया है. उन्होने कहा कि सभी को सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति से जुड़कर आध्यात्म को आत्मसात करना चाहिए. संचालक वरूण प्रधान एवं श्रीमती रितिका प्रधान ने सभी अतिथियों एवं कलाकारो का आभार व्यक्त किया. कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजमणि पटेल, महापौर अजय मिश्रा बाबा, राजेन्द्र शर्मा, विधायक दिव्यराज सिंह, रंजना काओ, जयप्रकाश गुप्ता, अशोक पटेल, डा0 मुजीब खान, गिरीश सिंह, जयंत खन्ना मौजूद रहे.

## संक्षिप्त



### परियोजना समन्वयक ने देखी धान की फसल

रीवा, कृषि महाविद्यालय रीवा म प्र में संचालित अखिल भारतीय शुष्क खेती परियोजना हैदराबाद के परियोजना समन्वयक डा़ जे वी एन एस प्रसाद पिछले दिनों महाविद्यालय में दो दिनों तक रुककर परियोजना में हो रहे कार्यों को देखा साथ ही साथ अन्य आईसीएआर द्वारा संचालित चावल अनुसंधान, समन्वित कृषि प्रणाली पद्धति, फल अनुसंधान केंद्र, प्रक्षेत्र इकाई के साथ विभिन्न विभागों में चल रहे अनुसंधान कार्यों को देखा और सराहना करते हुए कहा कि यहां के प्राध्यापक, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों में काफी कार्य करने की क्षमता है. परियोजना के रीवा इकाई के समन्वयक डा़ रघुराज किशोर तिवारी द्वारा महाविद्यालय में शुष्क खेती परियोजना हो रहे कार्यो से अवगत कराते हुए डा प्रसाद को अंगीकृत गाँव का भ्रमण कराया. इस मौके पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डा़ एसके त्रिपाठी, डा़ बीएम मौर्या, डा आरपी जोशी, डा़ एसएम कुरुमबंशी, इंजीनियर आर एन श्रीवास्तव, डा़ टीके सिंह, डा़ जी डी शर्मा, डा सुधांशु पांडेय, इंजिनीयर अभिषेक सोनी, इंजीनियर भावना पारधी, डा़. मोनिका सोनी डा़ सतीश सिंह आदि उपस्थित रहे.

### दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान हो रहा है संचालित


**रीवा,** गांधी जयंती 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक प्रदेश के सभी जिलों में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान संचालित हो रहा है. प्रदेश में दुग्धोत्पादन के लक्ष्य को दोगुना करने हेतु शासन द्वारा इस महत्वाकांक्षी अभियान को तीन चरण में कियान्वित किया जा रहा है. इस अभियान अन्तर्गत पशुपालन विभाग के अमले एवं मैत्री कार्यकर्ताओं द्वारा पशुपालक को गृह भेंट देकर पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य एवं पशु प्रजनन (नस्ल सुधार) हेतु जागरूक किया जा रहा है. अभियान अंतर्गत 10 एवं 10 से अधिक गाय/भैंस वंश के पशु पालक के मध्य गृह भेंट प्रदान की जावेगी. अभियान में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये गये हैं. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जिले में दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान अन्तर्गत पर्यवेक्षण करने के लिये एस.डी.एम. तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को अपने कार्यक्षेत्र के प्रत्येक विकासखंड के न्यूनतम चार ग्रामों का भ्रमण के निर्देश दिये हैं. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा भी न्यूनतम तीन ग्रामों का भ्रमण किया जाकर पर्यवेक्षण किया जायेगा.

### कवि अशोक बैरागी का दु:खद निधन



रीवा, कविता के हस्ताक्षर अशोक बैरागी का 3, अक्टूबर 2025 को असमय निधन हो गया. उनके निधन से साहित्य जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है. उनके निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहानीकार ओमप्रकाश मिश्र ने बताया कि अशोक वैरागी का वास्तविक नाम अशोक कुमार बख्शी था. साहित्य जगत में वे अशोक वैरागी नाम से प्रसिद्ध थे. उनका जन्म 18 मई सन् 1955 को उपरहटी रीवा में हुआ था. पिता स्व. बख्शी लक्ष्मण प्रसाद श्रीवास्तव सुप्रसिद्ध व्यक्ति थे. उपनयन पत्रिका के सम्पादक मंडल की तरफ से संपादक सहित डा. चन्द्रिका प्रसाद चंद्र, प्रो. एन.पी. पाठक, डा. विवेक द्विवेदी, राकेश तिवारी, डा. लालजी गौतम, रमाकांत तिवारी आदि ने शोक व्यक्त करते हुए कि अशोक बैरागी कवि के साथ ही सहज और प्रतिभाशाली व्यक्ति थे. उनकी कमी साहित्य जगत को हमेशा महसूस होती रहेगी. प्रभु उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें.

### अमरनाथ तिवारी का दु:खद निधन



रीवा, पीके स्कूल सीएम राइज में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ अमरनाथ तिवारी का विगत दिनो दु:खद निधन हो गया. कुछ समय से वह बीमार चल रहे थे उपचार के दौरान अंतिम सांस ली. निधन पर पीके स्कूल विद्यालय परिवार एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोगो ने श्रद्धांजलि अर्पित की है. स्व. तिवारी मार्तण्ड स्कूल सहित कई विद्यालयों में पदस्थ रहे है और उनके पढ़ाए हुए छात्र विभिन्न क्षेत्रो में आज प्रतिष्ठित पदों पर है. श्री तिवारी के निधन से शिक्षा जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है, जिसकी भरपाई होना मुश्किल है. निधन पर त्योंथर विधायक सिद्धार्थ तिवारी ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह मेरे अभिभावक और मार्गदर्शक थे. उनका जाना मेरी व्यक्तिगत क्षति है. स्पष्ट बोलने वाले सरल व्यक्ति थे, शिक्षा जगत में उनकी अपनी एक अलग पहचान थी. मृत आत्मा को प्रभु अपने चरणों में स्थान दे.

# प्रशिक्षु आरक्षकों ने रक्तदान कर बचाया बालक का जीवन

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 5 अक्टूबर, दो प्रशिक्षु आरक्षको ने रक्तदान कर एक बालक की जान बचाई है.**



प्रशिक्षण शाला में यह जानकारी प्राप्त हुई की एक बालक को रक्त की आवश्यकता है. तत्काल ही दो प्रशिक्षु आरक्षकों 239 अर्जुन सिंह चंदना जिला खंडवा व 259 मनोज मेणावत जिला खंडवा के द्वारा रक्तदान का निर्णय लिया गया और जिला अस्पताल रीवा में एक 14 वर्ष के बालक के हार्ट के ऑपरेशन के लिए ओ पॉजिटिव रक्त दान किया गया एवं बालक की जान बचाकर मानवता की मिसाल पेश की गई. पीटीएस रीवा के पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र कुमार जैन द्वारा दोनों आरक्षकों को शाबाशी दी गई तथा रक्तदान करने की सभी प्रशिक्षुओं को समझाइए दी गई.

# 93 वर्षीय नाड़ी विशेषज्ञ सरयू वैद्य अपने हाथों से आज देंगे चमत्कारिक दवा

**नवभारत न्यूज**

**हनुमना, 5 अक्टूबर, मऊगंज जिले के हनुमना नगर स्थित श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय द्वारा शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष नि:शुल्क वितरित की जाने वाली स्वांस - दमा-अस्थमा इस्नोफीलिया पुरानी खांसी जैसी भयंकर बीमारी की चमत्कारी दवा जिसके एक ही खुराक दवा सेवन और परहेज मात्र से भगवत कृपा से उपरोक्त रोग दूर हो जाते हैं.**

आज 6 अक्टूबर सोमवार को रात्रि में नि:शुल्क वितरित की जाएगी. इस वर्ष भी 93 वर्षीय प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ सरयू प्रसाद वैद्य अपने हाथों दवा का वितरण करेंगे. उपरोक्त जानकारी देते हुए व्यवस्थापक वैद्य संपत दास ने बताया कि उपरोक्त चमत्कारिक दवा श्री रामानुज आयुर्वेदिक औषधालय के संस्थापक प्रख्यात नाड़ी विशेषज्ञ तथा लोकतंत्र सेनानी सरयू प्रसाद वैद्य को उनके सदगुरुदेव अनंत श्रीविभूषित बैकुंठवासी पूज्यपाद स्वामी माधवाचार्य जी महाराज द्वारा माधवाचार्य जी महाराज द्वारा पीड़ित मानवता की सेवार्थ प्रसाद स्वरूप प्राप्त है जिसे 93 वर्षीय वैद्य जी लगातार 7 दशक से भी अधिक समय से प्रतिवर्ष नि:शुल्क वितरित करते चले आ रहे हैं जिसे लेने के लिए प्रत्येक वर्ष समूचे देश के विभिन्न प्रांतो से हजारों रोगी हनुमना की धरती पर शरद पूर्णिमा की रात्रि में आते हैं इस वर्ष शरद पूर्णिमा 6 अक्टूबर को सोमवार को पड़ रही है. जिसके चलते जड़ी बूटियों आदि के संग्रह तथा दवा - तैयार करने आदि के कार्य में विगत 18 सितंबर25 गुरुपुख्य नक्षत्र के शुभ मुहूर्त से औषधालय परिवार तैयारी में जुटा है उल्लेख करना आवश्यक है कि दवा रात्रि में ही वितरित की जाती है अत: रोगी जन 6 अक्टूबर 25 को शाम तक मऊगंज जिले के हनुमना सीधी रोड सब्जी मंडी स्थित श्रीरामानुज आयुर्वेदिक औषधालय पहुंच कर अपना पंजीयन करा लें.



# अड़ीबाजी कर मारपीट करने वाले दो भाई गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 5 अक्टूबर, अमहिया पुलिस ने अड़ीबाजी कर मारपीट करने वाले दो आरोपियो को गिरफ्तार किया है. पूंछताछ के बाद दोनो को न्यायालय में पेश किया गया.**



थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल ने बताया कि शनिवार को फरियादी दीपक गुप्ता उम्र 22 साल निवासी ग्राम बकछेरा थाना सगरा अपने पिता शंभू प्रसाद गुप्ता एवं भाई विष्णु गुप्ता के साथ थाना आकर रिपोर्ट लेख कराया की मैं अर्जुन नगर रीवा मे गुड्डी तिवारी के घर मे किराए का कमरा लेकर रहता था. सिरमौर चौराहा रीवा में फास्ट फूड का ठेला लगाता था. 04.06.25 को दिन में करीबन 10.00 बजे गुड्डी तिवारी का किराये का कमरा खाली कर रहा था. उसी दौरान उसका लडका करन तिवारी एवं मोनू तिवारी आए और बोले कि शराब पीने के लिए 1000 रुपये चाहिए. मैंने पैसा देने से मना किया उसी समय गौरव तिवारी भी आ गया तीनो मुझे मां बहन की अश्लील गाली देने लगें, मना करने पर मारपीट की. शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर थाना अमहिया पुलिस द्वारा आरोपियों की पता तलाश कर आरोपी कमल तिवारी उर्फ मोनू पिता जागेश्वर प्रसाद उम्र 32 वर्ष, करण तिवारी पिता जागेश्वर प्रसाद तिवारी उम्र 20 वर्ष दोनो निवासी अमहिया को गिरफ्तार किया गया.

# धान उपार्जन के लिए पंजीयन 10 तक

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 5 अक्टूबर, किसानों को उनकी उपज का अधिकतम मूल्य देने के लिए शासन द्वारा किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है.**

उपार्जन के लिए किसानों का ऑनलाइन पंजीयन होना आवश्यक है. ऑनलाइन पंजीयन 10 अक्टूबर तक किया जायेगा. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि किसान ग्राम पंचायत कार्यालय के सुविधा केन्द्र, जनपद पंचायत, तहसील कार्यालय, सहकारी समितियों एवं खरीदी केन्द्रों में नि:शुल्क पंजीयन करा सकते हैं. एमपी किसान एप अपने एन्ड्रायड मोबाइल पर डाउनलोड करके किसान स्वयं पंजीयन कर सकते हैं. इसके अलावा किसान एमपी ऑनलाइन कियोस्क सेंटर, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केन्द्र एवं साइबर कैफे में 50 रुपए का शुल्क देकर पंजीयन करा लें.

# जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस संगठन केवल बयानबाजी तक सीमित

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 5 अक्टूबर, छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से हुई मासूमों की मौत को लेकर कफ सिरप पर प्रतिबंध लगाने के साथ कार्यवाही भी शुरू हो चुकी है. पूरे प्रदेश में कफ सिरप को लेकर आक्रोश है, रीवा के कांग्रेस नेता जनता से जुड़े मुद्दे को लेकर सरकार को घेरने और जवाबदेही तय करने को लेकर मुखर होकर विरोध करने के बजाय प्रेस नोट जारी कर कड़ी चेतावनी दे रहे है.**



कफ सिरप पीने से मासूम बच्चो की जान गई, ऐसे अति संवेदनशील मामले को लेकर सड़क पर उतरना चाहिये. लेकिन कांग्रेस के संगठन केवल अखबारी बयानबाजी से ही अपने विपक्ष की भूमिका का निर्वाहन कर खानापूर्ति करना चाहता है. ऐसे में क्या जनता इनके साथ खड़ी होगी? जब यह जनता के दुख को लेकर सत्ता के खिलाफ नही बोल सकते. जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इंजी. राजेन्द्र शर्मा ने कोई बयान जारी नही किया. हो सकता है कि अपने फेसबुक अकाउंट पेंज पर दुख व्यक्त किया हो, यह अलग बात है. लेकिन शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक पटेल झब्बू ने सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए न्यायिक जांच की मांग की है और अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि सरकार दोषियो के खिलाफ सख्त कार्यवाही नही करती तो जिले भर में उग्र आन्दोलन किया जाएगा. उन्होने दवा को मंजूरी देने वाले अधिकारियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने के साथ स्वास्थ्य मंत्री के इस्तीफे की मांग की है. अगर भाजपा विपक्ष में होती तो ऐसे अतिसंवेदनशील मामले को लेकर हिला देती पर रीवा में कांग्रेस नेता मुंह में दही जमाकर बैठे और केवल सोशल मीडिया प्लेटफार्म, अखबारी विज्ञप्ति में ही अल्टीमेटम देकर खानापूर्ति करने में माहिर है. सवाल यह उठता है कि कांग्रेस नेता लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने से आखिर क्यो भय खाते है.

# मुसहर समाज के बच्चों को शिक्षा दिलाने सांसद ने घर-घर सम्पर्क किया

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 5 अक्टूबर, रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा ने रीवा जिले खासकर तराई आंचल के विभिन्न गांव में निवासरत मुसहर समाज के लोगों से मुलाकात की.**



सरकारी योजनाओं को लाभ दिलाने आधार कार्ड बनवाने सहित उनको आवास एवं वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए रीवा सांसद ने त्योंथर विधानसभा के विभिन्न ग्रामों अमिलकोनी, चिल्लाकला, पनासी, पटहट, 12 नंबर बस्ती सोहरवा एवं घुसरूम में मुसहर समाज जो कि शिक्षा से पूर्णत: अनभिज्ञ है उनके पास पहुंचकर उनके परिवार जनों से संपर्क किया. एक सप्ताह पूर्व इन्हीं समाज के बच्चों को स्वच्छता का संदेश देते हुए रीवा सांसद ने स्नान करा कर उन्हें स्वच्छ कपड़े पहनकर स्कूल में दाखिला दिलाने का काम किया था. सांसद को पता चला था कि दो बच्चे स्कूल जाना बंद कर दिए. आज उनके परिजनो के बीच पहुंचकर उन्हें पुन: स्कूल में भेजने के लिए प्रयास किया और समझाया. उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है जिससे अमीर और गरीब की खाई मिट जाती है और समाज में अपनी पहचान और प्रतिष्ठा स्थापित होती है. सांसद ने कहा कि बच्चों को शिक्षा से जोड़े और सरकार की जो भी योजनाएं संचालित है उनका भी लाभ उठाएं. इस दौरान पूर्व विधायक श्यामलाल द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष गढ़ी समीर सिंह मौजूद रहे.

# मेधावी साढ़े चार सौ छात्रों का किया गया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**रीवा, 5 अक्टूबर, स्थानीय सिंधु भवन में मेघावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम गणेश वंदना से बच्चों ने प्रस्तुति दी.**




कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल पश्चिम विधानसभा विधायक भगवान दास सबनानी सिंधु मेला समिति अध्यक्ष भोपाल मनीष दरयानी प्रदेश महामंत्री महेश ठारवानी अध्यक्षता पूज्य सिंधी सेंट्रल पंचायत रीवा के अध्यक्ष दादा सरदार पहलाद सिंह ने किया. उक्त कार्यक्रम में रीवा सिंधी समाज के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले 450 छात्र-छात्राओं को एवं छोटे बच्चों सम्मानित किया गया. जिसमें नर्सरी से लेकर कॉलेज व कंपटीशन में जो बच्चे सफल होते हैं उन सभी का सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन अंकुर बहेत्रा एवं सोनिया कोटवानी ने किया अतिथियों का आभार विनोद पुरस्वानी ने प्रकट किया. भा सिं सभा के अध्यक्ष शेखर सचदेव ने बताया कि इस वर्ष प्रतिशत के अनुसार 534 बच्चों का रिजल्ट प्राप्त हुए थे जिसमें उत्कृष्ट 450 बच्चों को चयन कर आज सम्मानित किया जा रहा है. कार्यक्रम में हुकूमत राय होतवानी, संरक्षक संतू लाल आहूजा, सुदामा लाल सचदेवा, कन्हैयालाल मंगलानी मौजूद थे.

### तीर्थदर्शन ट्रेन 25 को जाएगी द्वारका और सोमनाथ

**रीवा, 5 अक्टूबर,** तीर्थस्थान की नि:शुल्क यात्रा कराने के लिए मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना लागू की गई है. इस योजना के द्वारा 60 साल से अधिक आयु के मध्यप्रदेश के निवासी नागरिकों को नि:शुल्क तीर्थयात्रा का एक बार अवसर दिया जाता है. इस योजना के तहत रीवा जिले के 200 बुजुर्गों कों 25 अक्टूबर को द्वारिका और सोमनाथ की तीर्थयात्रा ट्रेन रवाना होगी.